अवहेलना | साल भर से कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, बाल बच्चों का भरण-पोषण करने में हो रही दिक्कत

# उपायुक्त के निर्देश को लैम्प्स प्रबंधक बता रहा ठेंगा




**शहडोल, नवभारत।** आदिम जाती सेवा सहकारी समिति मर्यादित सीधी के लैम्पस प्रबंधक राजेश्वरी तिवारी की तानासाही के चलते समिति मे पदस्थ कर्मचारियों को एक दो माह का नहीं बल्कि साल भर का वेतन नहीं मिला है जिसे लेकर कर्मचारी काफी परेशान है।

वेतन न मिलने से उन्हें बाल बच्चों का भरण पोषण करने मे काफी दिक्क़त हो रही है जिसकी शिकायत कर्मचारियो ने 02 दिसम्बर 2024 को उपायुक्त सहकारिता शहडोल को लिखित मे दे कर वेतन दिलाये जाने की मांग की थी किन्तु आश्चर्य की बात यह है कि उपायुक्त सहकारिता के निर्देश के बाद भी लैम्पस प्रबंधक राजेश्वरी तिवारी द्वारा आज तक कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया और न ही लैम्पस प्रबंधक के खिलाफ कोई जांच टीम ही गठित की गयी।

### अनुदान प्राप्त होने के बावजूद वेतन नहीं देने का आरोप

उपायुक्त को संयुक्त रूप से सौंपे गये शिकायती पत्र मे पीड़ित कर्मचारियों ने सनसनीखेज खुलासा किया है कि शासन से अनुदान प्राप्त होने के बावजूद प्रबंधक ने दिसम्बर 2024 से अब तक वेतन और एरियर्स का भुगतान नहीं किया है। आरोप है कि प्रबंधक ने नियम क़ानून को ठेंगा दिखाते हुए बैंक से लगभग 30.10 लाख रूपये की मोटी रकम निकाल ली है। यह पैसा कमीशन और प्रबंधकीय अनुदान का था जिसे प्रबंधक ने कर्मचारियों को देने के बजाय कथित रूप से अपनी तिजोरी मे बंद कर लिया है।

### फर्जी तरीके से विक्रेता की नियुक्ति का आरोप

कर्मचारियों का आरोप है कि हम लोगों की नियुक्ति कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर वर्ष 2012-13 में की गयी थी किन्तु लैम्पस प्रबंधक राजेश्वरी तिवारी द्वारा हम लोगों से विक्रेता का कार्य कराया जा रहा है। समिति में सिर्फ आर्थिक अनियमितता ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक गुंडागर्दी भी चरम पर है। पुराने और निष्ठावान कर्मचारियों का खून चूसा जा रहा है वंही दूसरी ओर प्रबंधक और प्रशासक मिलकर पिछले दरवाज़े से अवैध भर्तियाँ कर रहे हैं। साल 2012 में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों से जबरन दोहरे काम कराये जा रहे हैं।

**इनका कहना है**

मेरे संज्ञान मे आने के बाद प्रबंधक को कर्मचारियों का वेतन देने का निर्देश दिया गया था। अब प्रशासक भी बदल गये है। दिखवाते है वेतन क्यों नहीं दिया गया है।

**सुरेखा आनंद अहिरवार**
**उपायुक्त सहकारिता, शहडोल**



# कोतमा ने पयारी को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

- न्यू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आज होगा फाईनल मुकाबला

**शहडोल।** न्यू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के चतुर्थ दिवस पर खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। रायल युवा फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में खेल मैदान पड़मनिया कला में आयोजित टूर्नामेंट के अंतिम लीग मैच में कोतमा और पयारी की टीमें आमने-सामने रहीं। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कोतमा की टीम ने पयारी को 3-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश सुनिश्चित किया।

मैच के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया, वहीं दर्शकों ने तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुकाबले से पहले मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर मनोज गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, सुशील शर्मा पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं राजेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट के संयोजक अनिल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 जनवरी 2026 से क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की शुरुआत होगी। उन्होंने सभी टीमों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। न्यू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा रहा है।

# राष्ट्रीय बास्केटबाल के लिए शुभांशी अग्रवाल चयनित



**शहडोल।** बास्केटबाल कोच के.के. श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि 11 से 15 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के राजनादगांव में आयोजित होने वाली 17 वर्षीय राष्ट्रीय बास्केटबाल स्पर्धा के लिए शहडोल की शुभांशी अग्रवाल का चयन टीम में किया गया है।

उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी शुभांशी अग्रवाल 4 जनवरी से 7 जनवरी तक गुना में आयोजित होने वाले फ्री नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह में गुना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल संभाग की टीम ने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। इसी क्वार्टर फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कुमारी शुभांशी अग्रवाल का चयन मध्य प्रदेश 17 वर्ष बालिका टीम में किया गया।

## राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल में यशवर्धन भंडारी का चयन



**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल 17 वर्ष आयु वर्ग बालक प्रतियोगिता, पानीपत (हरियाणा) में 12 से 16 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए गुड शेफर्ड कान्वेन्ट स्कूल शहडोल के कक्षा 8वीं अध्ययनरत यशवर्धन भंडारी का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश कुमार धुर्वे, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य लोगो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाए दी। सहायक संचालक रईस अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले मध्य प्रदेश टीम का प्री नेशनल कोचिंग कैंप 5 जनवरी से 9 जनवरी 2025 तक खंडवा में किया गया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए अतिरिक्त के रूप विकास कोल का चयन किया गया है।

# संभाग में रिकार्ड धान खरीदी, अब तक 33 लाख क्विंटल से अधिक उपार्जन

- संभाग में धान उपार्जन तेज, 56 हजार से अधिक किसानों को मिला लाभ



**शहडोल।** संभाग में चल रही धान उपार्जन प्रक्रिया से किसानों को बड़ा लाभ मिला है। इस खरीफ सीजन में संभाग के 137 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक 56 हजार 440 किसानों से कुल 33 लाख 75 हजार 962 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

खरीदी गई धान के विरुद्ध किसानों को लगभग 389 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

### शहडोल जिला सबसे आगे

जिलेवार स्थिति पर नजर डालें तो शहडोल जिला उपार्जन के मामले में सबसे आगे रहा है। यहां 59 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 22 हजार 805 किसानों से 14 लाख 59 हजार 545 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसके बदले किसानों को लगभग 193 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं अनूपपुर जिले में 34 धान उपार्जन केन्द्रों के जरिए 14 हजार 890 किसानों से 7 लाख 73 हजार 096 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसके एवज में किसानों को 60.96 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। उमरिया जिले में भी उपार्जन कार्य संतोषजनक रहा। यहां 44 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 18 हजार 745 किसानों से 11 लाख 43 हजार 320 क्विंटल धान की खरीदी की गई, जिसके बदले किसानों को 135.18 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार धान उपार्जन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया गया है। उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। धान खरीदी की इस व्यापक प्रक्रिया से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि क्षेत्र में व्यापार और रोजगार गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। प्रशासन ने आगामी दिनों में भी उपार्जन कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने का भरोसा दिलाया है।

# कांग्रेस सेवादल संगठन ने पदयात्रा के माध्यम से दिया एकता का संदेश

- शहडोल में सेवादल का शक्ति प्रदर्शन



**शहडोल।** सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेतृत्व एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की अध्यक्षता व सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में सेवादल काँग्रेस का संभागीय सम्मेलन काँग्रेस भवन शहडोल मे संपन्न हुआ। जिसमें सर्वप्रथम गांधी चैक मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया।

तत्पश्चात सेवादल व काँग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने काँग्रेस भवन तक पदयात्रा निकाल देश मे एकता, अखंडता व आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया। कांग्रेस पार्टी में सेवादल का विशेष और ऐतिहासिक महत्व रहा है। इसकी स्थापना 1923 में डॉ. एन.एस. हार्डीकर ने की थी। सेवादल का उद्देश्य कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्रीय चेतना विकसित करना था।

कांग्रेस भवन मे सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, काँग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह, पूर्व विधायक सुनील सराफ, अनूपपुर जिलाध्यक्ष गुड्डु चैहान आदि ने अपने अपने उद्बोधन मे सेवादल की भूमिका व पार्टी एवं समाज हितार्थ कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय सेवादल ने सत्याग्रह, जनसभाओं की व्यवस्था, स्वयंसेवी सेवा और जनता को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह संगठन कांग्रेस की अनुशासित और जमीनी ताकत माना जाता है। आज भी सेवादल कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने, सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग देने, आपदा के समय सेवा कार्य करने और पार्टी के कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने का काम करता है। संक्षेप में, सेवादल कांग्रेस की सेवा, संगठन और संस्कार की रीढ़ है, जो पार्टी को जनता से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है।

जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी, जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह, पूर्व विधायक सुनील सराफ, पूर्व विधायक रामपाल सिंह, उमरिया जिलाध्यक्ष विजय कोल, अनूपपुर जिलाध्यक्ष गुड्डु चैहान, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, अनूपपुर सेवादल जिला अध्यक्ष डॉ एहसान अली अंसारी, रामसरोवर सिंह शहडोल, संतोष सिंह उमरिया, शरद तिवारी, प्रदेश सचिव सूरज पयासी, प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. हीरामणि सोनी, अजय सिंह, राम सजीवन गौतम, दोमल सिंह, संतोष राठौर, मोहम्मद सफीर मंसूरी, संध्या वर्मा, जिला अध्यक्ष सावित्री त्रिपाठी, आशा वर्मा, रुक्मणी कोल, रविन्द्र सुखाड़िया, प्रदीप कुमार मिश्रा, नीलू सिंह, आरिफ खान एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा से गिरकर छात्रा की मौत

- कुठला थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र में ऑटो रिक्शा से स्कूल जा रही एक आठ साल की बच्ची गिरने से मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कुठला थाना अंतर्गत गल्ला मंडी क्षेत्र निवासी शिवांजली पिता मिथलेश यादव कृष्णा वैली स्कूल में पढ़ती थी और सोमवार को वह घर से स्कूल जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुई थी। ऑटो में अन्य छात्राएं भी सवार थीं। जैसे ही ऑटो रेलवे फाटक-ब्रिज के पास पहुंचा, तेज रफ्तार होने के कारण वह अनियंत्रित हो गया और शिवांजलि नीचे गिर गई। उसके सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्तीकराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक बच्ची के नाना भगवत प्रसाद यादव ने ऑटो चालक पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस ऑटो में बच्ची जा रही थी, उसमें दोनों तरफ सुरक्षा के लिए जालियां नहीं लगी थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि ड्राइवर बहुत लापरवाही से गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। परिजन का आरोप है कि शहर में लंबे समय से बिना फिटनेस, परमिट और लाइसेंस के ऑटो धड़ल्ले से चल रहे हैं, लेकिन आरटीओ विभाग उन पर कोई कार्रवाई नहीं करता। जिसके कारण इस तरह के जानलेवा हादसे हो रहे हैं।



# होटल, ढाबों, बस स्टैंड में पुलिस ने शुरू की जांच

- नववर्ष के मद्देनजर चलाया जा रहा विशेष अभियान

**नवभारत, कटनी।** जिले में नववर्ष के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बहोरीबंद पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, ढाबों, होटल-रेस्टोरेंट, बस स्टैंड, एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग और निगरानी की जा रही है। नशे की हालत में वाहन चलाने, सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने, अवैध शराब, मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

हमला | विजयराघवगढ़ तसहील के घुनौर गांव के जंगल में हुई घटना, बहन के साथ लकड़ी बीनने गया था बच्चा

# तेंदुए के हमले से दस वर्षीय बच्चे की मौत

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ में तहसील के घुनौर गांव के जंगल क्षेत्र में मंगलवार दोपहर लकड़ी बीनने के लिए अपने बहन के साथ गए दस वर्ष के बच्चे पर एक तेंदुए ने हमला कर दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राज कोल अपनी बहन और दोस्तों के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गया था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारा और देखते ही देखते तेंदुए ने मुंह में दबाकर उसे जंगल की ओर खींच लिया। तेंदुए के हमले की जानकारी मिलने पर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर जंगल की ओर दौड़े, लेकिन तेंदुए का पता नहीं चल सका। बच्चे का शव घने जंगल के करीब 500 मीटर अंदर झाड़ियों के बीच में मिला।



बच्चे पर तेंदुए द्वारा हमला किए जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

जिसके बाद वन विभाग और पुलिस टीम द्वारा पूरे जंगल क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। तेंदुए की लोकेशन पता लगाने के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। टीम तेंदुए के पदचिह्नों के आधार पर उसकी दिशा का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता देखी जा रही थी। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते गश्त बढ़ाई जाती या तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जाते, तो यह घटना नही होती। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से जंगल की ओर नहीं जाने और सतर्क रहने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि विजयराघवगढ़ और बरही क्षेत्र के जंगलों में लगातार बाघ, तेंदएं की दस्तक रहती है, इन क्षेत्रों में आए दिए तेंदुए और बाघ देखे जाने की की जानकारी मिलती रहती है। कई बार तेंदुए और बाघ ग्रामीण अंचलों में रिहायशी क्षेत्र में आ जाते है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का महौल बना रहता है।

### आठ लाख का मुआवजा

तेंदुए के हमले से बच्चे की मौत के मामले की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा और विधायक संजय पाठक ने गहन दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार की हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है।

सांसद ने बताया कि पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपए की तात्कालिक सहायता दी जाएगी। विधायक संजय पाठक ने वन विभाग के वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा सहित अन्य अधिकारियों से सम्पर्क करते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू करने का आग्रह किया। विधायक संजय पाठक ने डीएफओ गौरव शर्मा से बात कर परिवार की मदद और विजयराघवगढ़ विधानसभा का बहुत बड़ा हिस्से में वन्य जीवों की सक्रियता को देखते हुए तत्काल रूप से वन्य जीवों और मानव के बीच टकराव को रोकने के लिए फॉरेस्ट गार्ड, बीट गार्ड की पैट्रोलिंग बढ़ाने का आग्रह किया। जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।